दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-269
मुरादाबाद
19 January 2025
(Sunday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राजनाथ सिंह बोले : महाकुंभ में संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य, भारतीयता को समझना है तो महाकुंभ में आइए



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां गंगा की आरती की। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित तमाम नेता मौजूद रहे।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोचारण के बीच मां गंगा की आरती की। उनके साथ राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी सहित तमाम नेता मौजूद रहे। बमरौली हवाई अड्डे पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुंप्ता नंदी ने उनकी आगवानी की। राजनाथ सिंह ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुंभ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री शाम को सेना के अधिकारियों के साथ महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था के लिए रवाना हो गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है। किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ इसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखिए।रक्षा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बमरौली हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से डीपीएस ग्राउंड नैनी पहुंचे। नैनी के अरैल घाट से जेटी के जरिए संगम पहुंच कर स्नान किया। संगम से वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षयवट कॉरीडोर में प्रयागराज के छत्र अक्षयवट का दर्शन पूजन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने पातालपुरी मंदिर और सरस्वती कूप का भी दर्शन किया। वहां से निकल कर बड़े हनुमान जी का दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया।मंदिर के पुजारी जी का हाल चाल लिया और महाकुंभ के लिए की गई व्यवस्था के बारे में भी पूछा। मंदिर में दर्शन पूजन कर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मेले का भ्रमण करते हुए सर्किट हाउस की ओर रवाना हुए। इस बीच साधु -संतों से मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री महाकुम्भ में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर में सेना के अधिकारियों से मीटिंग भी करेंगे। महाकुंभ में आतंकी हमले की धमकी और बम मिलने की अफवाह के मुताबिक किए गये सुरक्षा इंतजामों की भी उन्होंने जानकारी ली।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों का आरोप-लिवइन पार्टनर ने की हत्या

लखनऊ के पीजीआई इलाके में एक महिला प्रॉपर्टी डीलर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है।पीजीआई इलाके के नीलगिरि अपार्टमेंट में रहने वाली प्रॉपर्टी डीलर गीता शर्मा (35) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह वह मरणासन्न हालत में एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के पीछे पड़ी मिली थीं। पुलिस ने उनको अस्पताल पहुंचाया, वहां उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई ने बहन के प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस गीता की मौत को सड़क हादसा बता रही है।मूलरूप से रायबरेली के सदर कोतवाली स्थित मटिहा गांव निवासी लालचंद्र ने बताया कि उनकी बहन गीता दस साल से प्रेमी के साथ लिवइन में थीं। आरोप है कि शुक्रवार सुबह बहन के प्रेमी ने कॉल कर बताया कि गीता की सड़क हादसे में मौत हो गई है। वह पीजीआई पहुंचे तो पता चला कि गीता के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है अकेली मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। पीजीआई के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गई थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत कारण शॉक एंड हेमरेज आया है। लिवर, फेफड़े और किडनी फट गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है।

## राहुल गांधी ने बिहार की जातिगत जनगणना को बताया फर्जी, संविधान सुरक्षा सम्मेलन में BJP&RSS पर लगाए आरोप




कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बिहार की राजधानी पटना में %संविधान सुरक्षा सम्मेलन% को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा है। उन्होंने इस दौरान बिहार की जातिगत जनगणना को फर्जी बताया है।पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में बोलते हुए कांग्रेस सांसद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जातिगत जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जातिगत जनगणना जैसी नहीं होगी, जातिगत जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए, कांग्रेस जातिगत जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50त्न आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे।भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में इस दौरान राहुल गांधी ने कहा, इस किताब (भारत के संविधान) में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में चली जानी चाहिए, आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई ताकत नहीं है। जब मैं पिछड़े समुदाय, दलितों, आदिवासियों से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसदों से मिलता हूं तो वे कहते हैं कि हमें पिंजरे में डाल दिया गया है। उन्होंने अपने लोगों को हर संगठन में रखा है% राहुल गांधी ने, जब उन्हें पता चला कि पिछड़े समुदाय, दलितों के लोग प्रतिनिधित्व ले रहे हैं, तो उन्होंने आपको प्रतिनिधित्व दिया लेकिन सत्ता छीन ली। सत्ता अंबानी, अडानी और आरएसएस को दे दी गई है। उन्होंने अपने लोगों को हर संगठन में रखा है ।आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर हमला- राहुल गांधी ने आगे कहा, हम चाहते थे कि जैसे गंगा का पानी हर जगह बहता है, वैसे ही संविधान की विचारधारा भी देश के हर व्यक्ति, हर संस्था तक पहुंचे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली थी। अगर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कह रहे हैं कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, तो वह भारत के संविधान को खारिज कर रहे हैं...वह (आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत) भारत की हर संस्था से डॉ. बीआर अंबेडकर, भगवान बुद्ध, महात्मा गांधी की विचारधारा को मिटा रहे हैं।

## कृषि मशीनीकरण के लिए कर्नाटक ने केंद्र सरकार से मांगा फंड, शिवराज सिंह चौहान से मिले मंत्री

मुलाकात में कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खरगे और राज्य के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बैठक में कर्नाटक सरकार के मंत्रियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री से राज्य के लिए फंड की मांग की ताकि किसानों का मशीनीकरण किया जा सके।केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को कर्नाटक दौरे पर हैं। कर्नाटक के कृषि मंत्री चालुवर्यस्वामी ने शनिवार को बंगलूरू में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस मुलाकात में कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खरगे और राज्य के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे। इस बैठक में कर्नाटक सरकार के मंत्रियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री से राज्य के लिए फंड की मांग की ताकि किसानों का मशीनीकरण किया जा सके। किसानों को यंत्रीकरण के लिए सब्सिडी देगी कर्नाटक सरकार- बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 लाख से अधिक घर आवंटित किए जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष में, हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कर्नाटक को लगभग 7.5 लाख घर दिए हैं। कर्नाटक ने यंत्रीकरण योजनाओं के लिए अधिक निधि की मांग की है, जिसमें किसानों को कृषि यंत्रीकरण के लिए सब्सिडी दी जाए।% उन्होंने कहा, %मैंने उनसे पहले जारी किए गए फंड का उपयोग करने के लिए कहा है और हम अतिरिक्त फंड जारी करने के लिए भी काम करेंगे। मनरेगा में बदलाव भी सुझाए-वहीं कर्नाटक के ग्रामीण विकास मंत्री प्रियांक खरगे ने बताया कि %राज्य ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नियमों में जरूरी बदलाव के संबंध में सुझाव दिया है। हमने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) और पंचायती राज और ग्रामीण विकास से संबंधित अन्य मुद्दों के साथ कुछ तकनीकी सुधार का भी अनुरोध किया है। कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया है कि वे इस पर गौर करेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज कर्नाटक में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वे शिवमोगा में भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों से बात करेंगे। वे शिवमोगा में सागर रोड पर पीईएसआईटी कॉलेज में कृषि स्टार्टअप की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। बाद में वह सागर सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं और किसानों से बातचीत करेंगे।




## अर्जुन अवार्ड लेकर घर पहुंची अन्नू रानी, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों संग तो मां ने तिलक लगाकर किया स्वागत



राष्ट्रपति द्वारा अर्जुन अवार्ड लेकर एथलीट अन्नू रानी शनिवार को बेटी गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों से बेटी का भव्य स्वागत किया।खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रपति भवन में अंतराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी को अर्जुन अवार्ड मिलने के बाद माता पिता और भाई साथ खुशी मनाई। वहीं, गांव बहादुरपुर में खुशी मनाई गई। शनिवार को बेटी गांव पहुंची तो ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों से बेटी का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने घर पर जाकर अन्नू के परिजनों को गांव की बेटी की उपलब्धि पर बधाई दी और क्षेत्र का नाम रोशन होने पर सभी ने गर्व महसूस किया।अन्नु रानी को अर्जुन अवार्ड मिलने पर न सिर्फ उनके परिवार में बल्कि उनके पूरे गांव बहादुरपुर में की खुशी का ठिकाना नहीं है। हर कोई परिवार को बधाई दे रहा है। शुक्रवार को अन्नु रानी को अर्जुन अवार्ड मिलने पर ग्रामीण अन्नू के घर पर पहुंचने लगे और परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी। आज दोपहर बाद अन्नू अर्जुन अवार्ड के साथ घर पहुंची तो मां ने तिलक लगाकर बेटी का स्वागत किया।

## स्वामित्व योजना के तहत 3.17 लाख गांवों को प्रौद्योगिकी के माध्यम से कवर किया गया, जेपी नड्डा का बयान




केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत प्रौद्योगिकी की मदद से 3.17 लाख गांवों को कवर किया गया और आज 1.53 लाख किसानों को संपत्ति का अधिकार दिया जाएगा। उन्होंने कहा, जबकि 4.5 करोड़ से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती थे, आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीबों को नया जीवन मिला। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि स्वामित्व संपत्ति कार्ड का वितरण और अन्य पहल लोगों को सशक्त बनाने के नरेंद्र मोदी सरकार के संकल्प को रेखांकित करती हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत प्रौद्योगिकी की मदद से 3.17 लाख गांवों को कवर किया गया और आज 1.53 लाख किसानों को संपत्ति का अधिकार दिया जाएगा। जेपी नड्डा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्यपाल आचार्य देवव्रत के साथ अहमदाबाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से स्वामित्व कार्ड के वितरण समारोह में वर्चुअल रूप से भाग लिया।आम आदमी के सशक्तिकरण को दिया गया महत्व-केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आम आदमी के सशक्तिकरण को बहुत महत्व दिया गया है। मोदी सरकार ने हमेशा लोगों को प्राथमिकता दी और सुनिश्चित किया कि हम आम आदमी को सशक्त बनाने के लिए कैसे काम करें।पीएम मोदी ने बांटे करीब 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड- पीएम मोदी ने करीब 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड वितरित किए, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और गरीबी कम होगी। ये संपत्ति कार्ड 10 राज्यों - छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के दो केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में लाभार्थियों को वितरित किए जा रहे हैं। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए- जेपी नड्डा- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा, जब मैं सशक्तिकरण की बात करता हूं, तो मेरा ध्यान गांवों, गरीबों, वंचितों, उत्पीड़ितों, शोषितों, दलितों, युवाओं और किसानों पर होता है। इन वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए सभी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई थी।% उन्होंने कहा कि हितधारकों को आम आदमी के सशक्तिकरण को मजबूत करने की प्रक्रिया में शामिल होना चाहिए और लाभार्थियों से बात करनी चाहिए ताकि यह समझा जा सके कि इन लोगों को मुख्यधारा में शामिल होने का विशेषाधिकार कैसे दिया गया। जेपी नड्डा ने कहा कि कल्याणकारी उपायों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र का अक्षरशः पालन किया गया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 61 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज (गुजरात में 10 लाख रुपये) मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए।

## संपादकीय Editorial

### Bridge of winter stay

Look at the eyes of the one who makes mirrors here, he puts his skill on the eyes of the people. The skill of every government in Himachal is actually the mirror of this eye, which wears the eyes of Kangra, but cannot see itself. The winter stay of the Chief Ministers has actually been a means, a bridge, to show the government and politics wants to extract 'pure gold' from the water that has flowed in the river again. This is also because Kangra makes every government its religion, but the politics of the district remains scattered. It is amazing that many leaders between BJP and Congress have the illusion of becoming the leader of Kangra, but here 'neither are of the house nor of the house'. Kangra has the power to form a government, but why does it not have the skill to make its own leader. Did the government not give Kangra such disciples or Shanta Kumar, who was the Chief Minister twice, himself remained an incarnation. What was the reason that no one surpassed the sapling of Kangra in relevance and status of Shanta. People also went with YS Parmar, but why did no one from Pandit Sant Ram to Sat Mahajan reach the destination? Why did stains keep appearing on the blank papers of leaders? Late Virbhadra was also able to give Kangra its fortune in one group, otherwise Major Vijay Singh Mankotia and GS Bali also planted trees in their gardens. Prem Kumar Dhumal once gave every power, every boon to Ravindra Singh Ravi, but this system also failed. Beyond these complications, in the aspect of power in which Jairam kept weighing Mandi, the weak ministers of Kangra only kept watching. Therefore, the arrival of Chief Minister Sukhwinder Singh Sukhu on winter stay in his third year can be an attempt to open the old pegs of these questions. However, the first anniversary of the present government was celebrated here and this time also on the full statehood day in Baijnath, how much Kangra will fill its own emptiness, it remains to be seen. Obviously, when the government moves on the carpet of winter stay after the winter session, some thorns will be hidden, but political wounds will remain unwrapped. Why did winter stay become so important that even unwillingly, the government had to move from Shimla to Kangra, Hamirpur, Una, Chamba and Bilaspur. Why did it happen that the Shimla Assembly reached the Tapovan House. Why was the dream of Dharamshala as the second capital dreamt of? It is a different matter that the plaques of Himachal Bhawan were removed here and even today the rooms of the ministers are empty in the testimony of the mini secretariat. The limit is that even the ministers of Kangra shy away from sitting in the secretariat of Dharamshala, because they are probably afraid of not being the leaders of the district. It is also surprising that neither the Congress nor the BJP is getting any state president of the party from Kangra. Now the times are such that the politics of Himachal has become the legacy of parliamentary constituencies, so two Kangras have been created in Kangra. One of winter stay and one of political development. Politics now sees Dehra as a document of Hamirpur parliamentary constituency, but the pain in the arms is that there is no rebellion. When anger erupts, the slaves of auctioned politics win in the laughter of power. Anyway, a new winter stay and the political history of a new Chief Minister is standing at the doorstep of Kangra. Sukhu has made inscriptions of development in the text of Kangra, so many foundation stones and inaugurations are waiting at the stages of stay. It is also true that Kangra has got development from power and every Chief Minister has given in his own way. This time the self-confidence of Sukhu government is being seen towards.

# Eighth Pay Commission: Central Government's gift to employees in the new year


The Pay Commission is an important institution of the Government of India, whose objective is to re-determine the salaries, allowances, pensions, and other service benefits of government employees. This commission is appointed by the government from time to time, so that government employees can get appropriate salary and other benefits according to their work. After much hesitation, the Government of India finally decided to constitute the 8th Pay Commission. Employee organizations were putting pressure on the government for a long time. The new Pay Commission will benefit more than crores of serving and retired central employees, but at the same time the state governments are also forced to give its benefits to their personnel. As of July 1, 2023, there were 48.67 lakh working employees and 67.95 lakh retired employees in the Government of India. The Pay Commission is an important institution of the government The Pay Commission is an important institution of the Government of India, whose objective is to re-determine the salaries, allowances, pensions, and other service benefits of government employees. This commission is appointed by the government from time to time, so that government employees get appropriate salary and other benefits in accordance with their work. The function of the commission is not only to ensure the financial benefits of the employees, but it also plays an important role in government financial management and administrative reforms. Its decisions affect the financial resources of the government, so the government has to balance its financial policy by following the recommendations of the commission. Pay Commission in India is established under Article 309 of the Constitution. This article deals with the appointment and conditions of service to public services and posts, which are under the Union or the States. Although the constitution does not directly mention the formation of a pay commission, Article 309 gives the government the right to regulate the conditions of service of public employees, including decisions related to salaries and allowances. Pay Commission is generally constituted under the executive of the government, and it is based on Article 309 and the decisions taken by the government. The responsibility of reviewing the financial recommendations related to this lies with the Comptroller and Auditor General of India under Article 148, whose job is to monitor and audit the financial decisions made by the government. The first commission was formed in 1947 at the time of independence- History of Pay Commission Pay commission emerged as a major requirement of the Indian administration after independence. The first pay commission was set up in 1947. After this, several pay commissions were set up at different times. The formation of the commission for the employees of India is an effort to improve their standard of living and encourage administrative work. The second pay commission was set up in 1957, and then the third, fourth, fifth and sixth pay commissions were set up in 1973, 1983, 1996, 2006 respectively. Each commission gave new guidelines regarding the salaries and allowances of government employees, which resulted in better salaries and other benefits to the employees. Earlier, the commission was formed in 2014, whose recommendations came into effect from 1 January 2016. By following the recommendations of these commissions, the government ensured a convenient and proper working environment for government employees. The main objective of the Pay Commission is to make the salaries and allowances of government employees equitable with their work, experience and time. Apart from this, the Pay Commission also works to formulate a salary policy compatible with the financial resources of the government. While on the one hand the Pay Commission recommends better salaries and facilities for the employees, on the other hand it also takes into account the financial burden of the government, so that there is no excessive pressure on the treasury. Its decisions are taken keeping in mind the economic condition of the government, inflation rate, and socio-economic changes. Thus, the recommendations of the Pay Commission are important from the point of view of both financial management and social justice. The objective of the commission is also to raise the standard of living of the employees - The Pay Commission is also important because it is a major measure to improve the standard of living of government employees. When employees get proper salary and allowances as per their work, they are mentally empowered and work with more dedication and hard work. This helps in promoting administrative efficiency. Also, it promotes a healthy relationship between the employee and the administration, which improves administrative work and provides better service to the society. An important aspect of the Pay Commission recommendations is also to encourage promotion and efficiency. The Pay Commission ensures that government employees get promotions on the basis of their work performance. In this way, employees get motivated to prove their efficiency. This in a way encourages employees to do better work and establish their position firmly in the administrative structure. When employees get promotion opportunities, their morale increases, and they do their work with high efficiency. Apart from this, the promotion policy of senior officials appointed by the Pay Commission also promotes a sense of equality and fairness among employees. Necessary decision is also expected on the pension system - although the government discontinued the old pension scheme in 2004, then Another important aspect of the Pay Commission recommendations is the determination of pension and retirement benefits. It is expected that the new commission will also consider the new pension system. Because central and state government employees are fighting for the old pension scheme across the country. When employees finish their services, they need financial security after their retirement. The Pay Commission considers that retired employees should get a reasonable pension, so that there is no negative impact on their quality of life. The commission has recommended several important reforms to make the pension system more transparent and equitable. The Pay Commission also determines additional allowances and facilities for government employees. For example, travel allowance, house rent allowance, medical allowance, and other benefits are provided to make the life of employees comfortable. The purpose of these allowances is to provide convenience to employees at their workplace, so that they can fully devote themselves to their work. When employees are financially secure in their personal life, they contribute to their work with more efficiency and dedication. The commission also manages the financial burden of the government- Another aspect of the pay commission is to manage the financial burden of the government. When the recommendations of the pay commission are implemented, it may put an additional burden on the government treasury, which affects the financial balance of the government. Therefore, the financial position of the government is taken into account in determining the salary hikes and allowances recommended by the pay commission. The commission ensures that they provide appropriate salaries to the employees, but at the same time the government does not have to face additional financial crisis. Thus, the formation of a pay commission is a necessary process, which works for the welfare of Indian government employees. On one hand, it improves the standard of living of the employees, on the other hand it also helps in balancing the financial management of the government. The recommendations of the pay commission are important for the strengthening of the Indian administrative structure, as they raise the morale of the employees and promote efficiency. As a result, government services become more effective and transparent, and it provides a strong basis for administrative reforms.Also, it promotes a healthy relationship between the employee and the administration, which improves administrative work and provides better service to the society. An important aspect of the Pay Commission recommendations is also to encourage promotion and efficiency. The Pay Commission ensures that government employees get promotions on the basis of their work performance. In this way, employees get motivated to prove their efficiency. This in a way encourages employees to do better work and establish their position firmly in the administrative structure. When employees get promotion opportunities, their morale increases, and they do their work with high efficiency. Apart from this, the promotion policy of senior officials appointed by the Pay Commission also promotes a sense of equality and fairness among employees. Necessary decision is also expected on the pension system - although the government discontinued the old pension scheme in 2004, then Another important aspect of the Pay Commission recommendations is the determination of pension and retirement benefits. It is expected that the new commission will also consider the new pension system. Because central and state government employees are fighting for the old pension scheme across the country. When employees finish their services, they need financial security after their retirement. The Pay Commission considers that retired employees should get a reasonable pension, so that there is no negative impact on their quality of life. The commission has recommended several important reforms to make the pension system more transparent and equitable. The Pay Commission also determines additional allowances and facilities for government employees. For example, travel allowance, house rent allowance, medical allowance, and other benefits are provided to make the life of employees comfortable. The purpose of these allowances is to provide convenience to employees at their workplace, so that they can fully devote themselves to their work. When employees are financially secure in their personal life, they contribute to their work with more efficiency and dedication. The commission also manages the financial burden of the government- Another aspect of the pay commission is to manage the financial burden of the government. When the recommendations of the pay commission are implemented, it may put an additional burden on the government treasury, which affects the financial balance of the government. Therefore, the financial position of the government is taken into account in determining the salary hikes and allowances recommended by the pay commission.



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक दूजे के होंगे 1103 जोड़े, तैनात रहेगी चिकित्सकों की टीम

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बुद्धि विहार में होगा भव्य समारोह का आयोजन

मुरादाबाद- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पहले चरण में शनिवार को 1103 हिंदू व मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक विवाह के आयोजन की



सभी तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रूप दिया गया। वैवाहिक समारोह में जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ ही जिलाधिकारी अनुज सिंह व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी भी आशीर्वाद देंगे। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत व विकास खंडों से वैवाहिक समारोह में 602 हिंदू और 501 मुस्लिम जोड़े शादी व निकाह कर एक दूजे के हो जाएंगे। आयोजन जर्मन हैंगर पंडाल में किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने बताया कि वैवाहिक समारोह के लिए जर्मन हैंगर पंडाल 110 फीट चौड़ा और 225 फीट लंबा बनाया गया है। जिलाधिकारी अनुज सिंह कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत महानगर के 351, विकास खण्ड मुरादाबाद के 251, विकासखंड भगतपुर टांडा से 50, नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर से 50, नगर पंचायत पाकबड़ा से 50 और नगर पंचायत अगवानपुर के 50 जोड़ों का बुद्धि विहार कॉलोनी में एमडीए ग्राउंड पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गरीब बेटियों को उनके नये जीवन की शुरुआत के बाद विदाई दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पात्र जोड़ों का विवाह उनकी सामाजिक, धार्मिक मान्यताओं, परम्पराओं व रीति रिवाज के अनुसार कराया जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से दक्ष पुरोहित और काजी व मौलवी, पंडितों की पर्याप्त संख्या में व्यवस्था की गई है। देर रात विवाह स्थल का मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र गौतम ने भी निरीक्षण किया। समारोह में तैनात रहेगी चिकित्सकों की टीम-अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि आयोजन के दौरान आकस्मिक चिकित्सा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए पांच चिकित्सकीय टीमों की तैनाती की गई है, जो एंबुलेंस के साथ आयोजन स्थल पर मौजूद रहेंगी।

# हिंदू कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

मुरादाबाद- रेलवे स्टेशन के सामने तेज रफ़्तार रोडवेज बस ने हिंदू कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर वेंकटेश बहादुर सरोज को टक्कर मार दी। हादसे में असिस्टेंट प्रोफेसर वेंकटेश की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में राहगीरों भीड़ इकट्ठा हो गई और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सड़क किनारे लहुलुहान हालत में पड़े असिस्टेंट प्रोफेसर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी करने पर हिंदू कॉलेज के प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह ने बताया की हिंदू कॉलेज में एमजेपी यूनिवर्सिटी की परीक्षा चल रही है। शनिवार को भी परीक्षा के बाद वह अपने घर मानसरोवर जा रहे थे। रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रोडवेज बस चालक मौके का फायदा उठाकर बस छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस बस कब्जे में लेकर अपने साथ थाने ले आई है और कार्रवाई करने में जुट गई है।



# स्वामित्व योजना में घर बैठे पैतृक संपत्ति-खेती आदि का मिलेगा डिजिटल रिकॉर्ड, नहीं होगा विवाद

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन बहुत बड़ा: राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल

मुरादाबाद- राज्यमंत्री कौशल विकास, उद्यमिता और व्यवसायिक शिक्षा कपिलदेव अग्रवाल ने




कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन बहुत बड़ा है। अब पैतृक स्वामित्व का दस्तावेज भी आपके पास मौजूद रहेगा। स्वामित्व योजना में घर बैठे आपके पैतृक संपत्ति, खेती आदि की डिजिटल रिकॉर्ड भी मौजूद रहेगा। इससे कागजात से आप सभी के पैतृक व पुरानी संपत्तियों के स्वामित्व का विवाद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू कर रही है। व्यवसायिक शिक्षा के माध्यम से युवाओं का कौशल विकास किया जा रहा है। इससे युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। पांच लाख रुपये तक बिना गारंटी के ऋण मिल रहा है। इसके द्वारा आप अपना रोजगार, काम कर आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। वह शनिवार को पंचायत भवन सभागार में आयोजित स्वामित्व योजना के अन्तर्गत घरौनियों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यमंत्री कौशल विकास व उद्यमिता व व्यवसायिक शिक्षा ने कपिलदेव अग्रवाल महापौर विनोद अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि पहली बार ऐसा कार्यक्रम हो रहा है। आपके घर व सहन की मैपिंग हुई है। इसमें झगड़े की गुंजाइश नहीं रहेगी। पैतृक संपत्ति के मालिकाना कागज मिलेगा। इसकी वैज्ञानिक तरीके से मैपिंग की गई है। अब ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के घरों व रिहायश के संपत्ति का कागज मिलेगा। यह मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा आदि भी मौजूद हैं।

# पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया । दौरान प्राप्त एवं गुणवत्तापूर्ण सम्बन्धित को गया । महोदय द्वारा प्रभारियों को सचेत जनसुनवाई/ को और अधिक ताकि पीड़ित/अनावश्यक रुप से पुलिस कार्यालय आवश्यकता न हो प्र0नि0/थानाध्यक्ष



जनसुनवाई के शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु आदेशित किया नगर क्षेत्र के थाना किया गया कि महिला हेल्पडेस्क प्रभावशाली बनाये शिकायतकर्ता को अपने थाने से आने की । साथ ही सभी को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें ।

# डोनाल्ड ट्रंप के आने से निर्यातकों में जगी मंदी छटने की उम्मीद

मुरादाबाद- कोरोना काल के बाद लगातार मंदी की चपेट में आए धातु हस्तशिल्प निर्यात के बीच अमेरिका में सत्ता परिवर्तन से छोटी सी उम्मीद जागी है। स्थानीय निर्यातक मान रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद कारोबार में सुधार की थोड़ी संभावनाएं दिखाई देती है। हालांकि, सुधार की कवायद में इस वर्ष के भी मंदी में गुजर जाने की आशंका भी निर्यातकों में दिखाई दे रही है। बहरहाल, अमेरिका में बीते माह रोजगार के आंकड़े और फेडरल बैंक पालिसी की घोषणा के बाद कारोबार में सुधार के संकेत दिखाई दिए हैं। दरअसल, पीतल नगरी से होने वाले धातु हस्तशिल्प निर्यात में लगातार गिरावट से निर्यातक के साथ दस्तकार और कारखानेदार परेशान हैं। कारोबारी मंदी का असर शहर के बाजारों पर भी है। बाजार की हालत यह है कि वह विवाह और त्योहार के भरोसे चल रहा है। धातु हस्तशिल्प निर्यात के आंकड़ों की बात करें तो बीते वर्ष अप्रैल से नवंबर तक 3009.69 करोड़ के उत्पाद विदेशों को भेजे गए थे। चालू वित्तीय वर्ष में 2934 करोड़ रुपये के उत्पादों का निर्यात किया जा सका है। केंद्र सरकार और ईपीसीएच की तमाम कोशिशों के बाद भी निर्यात में गिरावट का दौर जारी है। वैश्विक मंदी के लिए के कभी यूरोप की जंग और कभी इजरायल के युद्ध को जिम्मेदार माना जाता रहा है। इस दौरान अमेरिका की आर्थिक स्थिति डांवाडोल रही थी। वरिष्ठ निर्यातक सतपाल का कहना है कि अमेरिका में कारोबार थोड़ा खुलने लगा है। अमेरिका के ग्राहक भी इंडिया में आने लगे हैं और अच्छी कारोबारी गुफ्तगू हो रही है। वह कहते हैं कि सत्ता परिवर्तन से इंडिया के हस्तशिल्प निर्यात पर असर देखने के लिए अभी मार्च तक इंतजार करना होगा। फरवरी में फैंकफुर्त में होने वाले उपहार मेले के नतीजे भविष्य का संकेत देने में मददगार बनेंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति की नीतियां भी सामने आ जाएंगी। अच्छी प्लानिंग के साथ उपहार मेलों का आयोजन जरूरी- लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार जिम्मी भी मानते हैं कि अमेरिका में कारोबार बेहतर होना चाहिए, लेकिन साथ ही कहते हैं कि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति अगर सुधार के ठोस उपाय करते हैं तब भी छह महीने से अधिक समय परिणाम आने में लगेगा जिससे यह वर्ष तो मंदी में निकल जाएगा। श्री जिम्मी बताते हैं कि निर्यात बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को प्रयास करने होंगे और अच्छी प्लानिंग के साथ उपहार मेलों का आयोजन जरूरी है। निर्यातक कमल सोनी भी निर्यात से मंदी छटने को लेकर आशावान है और कहते हैं कि इस वर्ष कारोबार में सुधार की उम्मीद है, लेकिन मंदी से उबरने में एक वर्ष लगेगा। हानिकारक भी हो सकती हैं नीतियां- निर्यातक अनूप शंखधार का मानना है कि ट्रंप की नीतियां देश के निर्यातकों के लिए हानिकारक भी हो सकती हैं। जिस तरह से ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर टैक्स लगाने की चेतावनी दी थी, वह अच्छा संकेत नहीं है। ऐसा होता है तो उत्पाद बहुत महंगा हो जाएगा जिससे बिक्री में कमी आना स्वभाविक है। उन्होंने कहा है कि उम्मीद बेहतर की है। ट्रंप व्यापार बढ़ाने वाले फैसले लेंगे, इसकी अधिक संभावनाएं हैं। वह कहते हैं कि इजरायल युद्ध विराम से अर्थव्यवस्था में सुधार होना लाजिमी है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार की तरफ से फरवरी में भारत टैक्स-2025 का आयोजन किया जा रहा है। हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद द्वारा अप्रैल में भारतीय हस्तशिल्प उपहार मेला दिल्ली फेयर का आयोजन किया जा रहा है। जानकार मानते हैं कि उपहार मेलों में व्यापारिक संवाद से साल भर होने वाले निर्यात की स्थिति साफ हो जाएगी।





## संक्षिप्त समाचार

# 20 लाख का सोना लेकर फरार हुआ पश्चिम बंगाल का कारीगर, रिपोर्ट दर्ज

## पीड़ित सर्राफ ने मुगलपुरा थाने में आरोपी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

मुरादाबाद- मुगलपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाला पश्चिम बंगाल का आभूषण कारीगर सर्राफ का 240 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कारीगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना मुगलपुरा के मोहल्ला कानून गोयान फैजगंज निवासी संजय रस्तोगी आभूषण की दुकान चलाते हैं। संजय रस्तोगी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पश्चिम बंगाल के ताकेश्वर थाना क्षेत्र के गुड़िया भाटा निवासी याकूब सहाना कानून गोयान में डॉ. राधा रानी गली में किराये पर रहकर आभूषण बनाने का काम करता था। वह कई सालों से यहां रह रहा था, जिससे सर्राफा व्यापारियों का उस पर विश्वास हो गया था। संजय रस्तोगी के अनुसार उन्होंने बीती 7 दिसंबर 2024 से 13 दिसंबर 2024 के बीच 240 ग्राम सोना याकूब सहाना को आभूषण बनाने के लिए दिया था। उसने दो-तीन दिन में आभूषण बनाकर देने की बात कही थी। लेकिन, समय बीतने के बाद भी दुकान पर आभूषण नहीं पहुंचाया। बाद में उसके किराये के मकान पर जाकर देखा तो पता चला कि वह मकान छोड़कर चला गया है। कॉल करने पर उसका फोन भी बंद मिला। संजय रस्तोगी का आरोप है कि आभूषण कारीगर याकूब सहाना उनका 240 ग्राम सोना लेकर भाग गया है। सोने की कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। कुछ दिन इंतजार करने के बाद भी जब याकूब सहाना नहीं लौटा तो संजय रस्तोगी ने पुलिस में शिकायत की। थानाध्यक्ष मुगलपुरा कुलदीप कुमार तोमर ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी याकूब सहाना के खिलाफ अमानत में खयानत की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

# घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म, दोस्त ने बनाई अश्लील वीडियो...दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की महिला ने डिलारी थाना क्षेत्र के युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने और उसके साथी पर अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए डीआईजी से शिकायत की थी। डीआईजी के आदेश पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की आशियाना चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने डीआईजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि डिलारी के गांव काजीपुर निवासी रहीस अहमद से उसके पति की जान पहचान थी। इसी कारण उसका घर पर आना जाना था। महिला ने आरोप लगाया कि बीती 26 अप्रैल 2024 को उसकी ननद के बेटे की शादी रामलीला ग्राउंड लाजपतनगर में थी। जिसमें पूरा परिवार शामिल हुआ था। पीड़िता के अनुसार शादी के बाद देर रात लगभग 3:00 बजे पति उसे और बच्चे को घर छोड़कर वापस शादी में चला गया था।आरोप है कि अगले दिन सुबह 7:00 बजे आरोपी रहीस अपने एक साथी के साथ घर आ गया। पीड़िता के अनुसार रहीस ने उससे पानी मांगा तो वह किचन में पानी लेने चली गई। तभी पीछे से आकर आरोपी रहीस ने उसे दबोच लिया। आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म किया। जबकि उसके साथ आए इमरान वीडियो बना ली। पीड़िता के अनुसार उस घटना के बाद लोकलाज के डर से वह चुप रही। लेकिन, आरोपी रहीस ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार परेशान होकर उसने 11 नवंबर 2024 को अपने पति को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद थाने पर जाकर शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। बाद में डीआईजी और एसएसपी से गुहार लगाई, जहां से कार्रवाई के आदेश हुए। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी रहीस और उसके साथी इमरान के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# जिला महिला अस्पताल औचक निरीक्षण किया डीएम ने तीन माह से पेंडिंग मिले जन्म प्रमाण पत्र ताले में कैद मिले

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। झांसी के मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड के बाद शासन और प्रशासन लंबे समय से अलर्ट है, इसी क्रम में शुक्रवार को डीएम रविन्द्र कुमार ने जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, सबसे पहले डीएम लेबर रूम स्थित डॉक्टर कक्ष में पहुंचे यहां स्टाफ मरीज को परामर्श दे रहा था वहां से लौटते वक्त अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर जांच के इंतजार में बैठे मरीज से सवाल किया कि कितने देर से इंतजार कर रहे हो कोई पैसा पैसा तो नहीं मांगा जा रहा इस पर मरीज ने संतोषजनक जवाब दिया। बॉक्स की 2 चाबी रखो, आग इतना समय नही देगी- इसके बाद डीएम एसएनसीयू में पहुंचे करीब डेढ़ साल पहले यहां भी आग लग चुकी थी तो इस संबंध में फायर सेफ्टी को लेकर जो सुधार किया गया है उसे व्यवस्था का जायजा लिया डीएम ने यहां लगे स्मोक डिटेकटर के संबंध में जानकारी ली तो स्टाफ ने बताया कि यह सभी उपकरण हादसे के बाद नए लगवाए गए हैं इसके बाद डीएम ऑपरेशन थिएटर पहुंचे यहां लगे फायर हाइड्रेंट और पैनल में ताला लगा मिला जिसको फौरन खोलने के आदेश दिए लेकिन स्टाफ ने चाबी ना होने पर फौरन लाने की बात कही इस पर डीएम ने कहा की जो स्टाफ ड्यूटी पर हो उसके पास भी चाबी होनी चाहिए आग लगने पर इतना समय नहीं होता है। लंबित मिले प्रमाण पत्र, सुधार के आदेश डीएम ने फार्मेसी स्टोर का भी जायजा लिया यहां पेरासिटामोल डोमपेरीडोन समेत अन्य दावों की जानकारी ली वहीं रजिस्टर से दबाव के रिकॉर्ड का मिलान किया गया तो यह सही पाया गया इसके बाद सीएमएस कार्यालय स्थित जन्म प्रमाण पत्र कार्यालय पहुंचे यहां प्रमाण पत्रों के लिए लंबी लाइन देख लोगों से सवाल किया तो उन्होंने बताया कि कई चक्कर लगा चुके हैं लेकिन प्रमाण पत्र नहीं मिला इस पर संबंधित जिम्मेदार से जानकारी ली तो उसने बताया की 6 माह से शासन स्तर से ही पोर्टल में खराबी है हालांकि प्रसव के फौरन बाद प्रमाण पत्र दे दिया जाता है लेकिन बाद में बच्चों के नाम डलवाने के लिए दोबारा आना पड़ता है हालांकि डीएम ने रजिस्टर और पोर्टल खुलवाकर मिलन भी किया तो सर्टिफिकेट अपलोड पाए गए हालांकि डीएम ने इस व्यवस्था पर सुधार लाने का निर्देश दिए हैं।



# सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नंदिनी साहू ने की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- वर्तमान में पीएम आवास ग्रामीण, शासन की सबसे महत्वपूर्ण योजना है। जिस पर शासन स्तर से निरंतर विशेष फोकस किया जा रहा है। उक्त संदर्भ में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में शासन की महत्वकांक्षी योजना की लगातार समीक्षा एवं प्रगति हेतु कार्य किए जा रहे है। विगत 3 दिवस से 2-2 जनपद पंचायत के तकनीकी अमलों सहित जनपद टीम को बुलाकर योजना के प्रगति की विस्तृत समीक्षा एवं समस्याओं के सम्बन्ध में सभी से चर्चा किया गया। इसमें मुख्यत: वित्तीय वर्ष 2024-25 के स्वीकृत समस्त आवासों को मार्च 2024 तक पूर्ण करने के साथ साथ आवास निर्माण की आगामी किस्तों को समय पर जारी करने तथा अभिसरण से मिलने वाला 90 मानव दिवस के राशि पर प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। निर्माण की समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2016-23 तक के पूर्णता के लिए शेष बचे आवासों को भी 15 फरवरी तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। जनपदों की निर्देशित किया गया कि हितग्राहियों को समझाए कि कार्य पूर्ण करने का सबसे सही समय यही है क्योंकि बाद में गर्मी के दौरान पानी की कमी जैसे अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याएं होने लगती है। इसलिए आवास को जल्दी से पूरा करके सभी किस्तों को और नरेगा के राशि को प्राप्त कर लें। जल्द ही आवास प्लस 2018 की सूची में शेष बचे लगभग 10,000 हितग्राहियों की भी स्वीकृति राज्य से जिले को मिलना संभावित है जिसके लिए राज्य से पंजीयन का कार्य अविलंब पूर्ण करके रखने को कहा गया है, इस कार्य के विरुद्ध प्रगति की समीक्षा सभी जनपदों से किया गया। वर्तमान में आवास प्लस 2024 के माध्यम से सर्वे का कार्य जारी है। इसमें ऐसे परिवार का सर्वे किया जाना है जो भारत सरकार के संशोधित बहिर्वेशन बिंदुओं के अनुसार पात्र हैं। सभी ग्रामीणों से भी अपील है कि वे भी इसकी महत्ता को समझें और आगे आकर अपना सर्वे कराए। क्योंकि इसी आधार पर आगे आवास की स्वीकृति होगी। इसके लिए किसी के बहकावे में आकर किसी को भी राशि देने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह पूरी तरह नि:शुल्क है। उक्त बैठक में एपीओ नरेगा, जिला समन्वयक पीएमएवाईजी, समस्त सीईओ जनपद पंचायत, एसडीओ आरईएस, पीओ नरेगा, बीसी पीएमएवाईजी, बीपीएम एनआरएलएम तथा सभी नरेगा टीए, उपअभियंता उपस्थित रहें।




# स्वयंसेवकों ने डिजिटल अरेस्ट से आम जनमानस को किया जागरूक

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली कॉलेज बरेली में प्राचार्य प्रोफेसर ओ पी राय के सरंक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय एवं तृतीय के दूसरे एकदिवसीय शिविर का आयोजन डॉ यशार्थ गौतम एवं डॉ बृजवास कुशवाहा के नेतृत्व में खुर्रमगोटिया एवं सिकलापुर बस्ती में किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने डिजिटल अरेस्ट जैसे गंभीर मुद्दे के बारे में जनमानस को घर घर जाकर जागरूक किया और बताया कि डिजिटल अरेस्ट के अंतर्गत हमें एक कॉल आती है, जिसमें कॉलर बताएगा कि हमने अवैध सामान, ड्रग्स, नकली पासपोर्ट या अन्य प्रतिबंधित सामान वाला पार्सल भेजा है या प्राप्त कर चुके हैं। कुछ मामलों में हमारे ही रिश्तेदारों या मित्रों को बताया जाता है कि हमें किसी गंभीर या अवैध अपराध में संलिप्त पाया गया है। एक बार अपराधी, हमको अपने जाल में फंसा लेते हैं तो फिर हमसे स्काइप या किसी अन्य वीडियो कॉलिंग प्लेटफ़ॉर्म पर हमें संपर्क करेंगे और ऐसे कॉलर अक्सर ईडी अधिकारी बनकर, पुलिस की वर्दी पहनकर या पुलिस स्टेशन जैसी लोकेशन वाले बैकग्राउंड के साथ कॉल करते हैं। इसके बाद बुरी तरह डराते हैं, जिसके बाद समझौता करने या मामले को बंद करने के लिए पैसे की मांग करते हैं। कुछ मामलों में हमें डिजिटल रूप से अरेस्ट किया जाता है और जब तक वो हमसे पैसे नहीं ले लेते तब तक वे हमे डराकर वीडियो कॉल पर रहने के लिए कहते हैं। स्वयंसेवकों ने बताया कि अभी हाल ही में बरेली जिले में एक डॉक्टर के साथ ऐसी अनहोनी होने से बरेली पुलिस ने बचाया था। अत: जब एक जानकार अथवा बुद्धिजीवी वर्ग भी इस ठगी से प्रभावित हो जा रहा है तो हम सभी को और अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। अत: इस समस्या से बचने के लिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और किसी अज्ञात के द्वारा भेजी गई फ़ाइल को ओपन ना करें और न ही किसी के कहने पर कोई गलत ऐप अपने फ़ोन में इंस्टॉल करें। साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल का जवाब न दें और किसी भी तरह की व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। अगर आपको डिजिटल अरेस्ट का थोड़ा भी संदेह हो तो आप तुरंत नजदीकी पुलिस की साइबर सेल में अविलंब संपर्क करें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर रिपोर्ट करें। इस अवसर पर आदित्य प्रताप सिंह, आर्यन अग्रवाल, आलोक शर्मा, कमल पटेल, देवांग राय, आयुष मौर्या सहित दोनों इकाईयों के सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।




# बिना मुआवजा नहीं लेने देंगे कब्जा , खदेड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। बड़ा बाईपास निर्माण रिठौरा से सितारगंज के हाईवे निर्माण में रोड़ा नगर की कृष्णानगर कालौनी के दो दर्जन भवन स्वामियों को हाइवे की जद में आए मकानों, प्लाटों का मुआवजा अभी तक नहीं मिला है। लेकिन शनिवार को कुछ हाईवे निर्माण के कर्मी वहां पहुंचे और नाप -जोख शुरू कर दी । जैसे ही महिलाओं को जानकारी हुई वह तुरंत वहां पहुंच गयीं।और उन्होंने विरोध शुरू कर दिया। एक कर्मी ने महिलाओं से अभद्रता करते हुए कहा पुलिस को लाकर जबरन कब्जा ले लेंगे। महिलाओं ने तुरंत इसकी सूचना परिवार के पुरूषों एवं सामाजिक कार्यकर्ता पैनी नजर की अध्यक्ष सुनीता गंगवार को दी।जब तक वहां यह सब पहुंचे तब तक टीम कर्मी वहां से खिसक लिए।काजल यादव, लक्ष्मी देवी,मुन्नी देवी, जयदेवी,सुशीला देवी, नीरज कुमारी, विनीता गुप्ता,रानी राठौर दर्शन देवी आदि ने एक स्वर में कहा बिना मुआवजा हमारी लाशों के ऊपर से चलेगा बुल्डोजर।



# UP में बड़ा हादसा: मिट्टी लदे तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत; गर्भवती पत्नी घायल

हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सुब्हान ने हेलमेट पहन रखा था, इसके बावजूद भी उसकी जान नहीं बच सकी। हादसे की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक मौके पर पहुंची और जांच की। बुलंदशहर के गुलावठी स्थित सैदपुर मार्ग पर गांव उस्तरा स्थित काली नदी के पुल के निकट शनिवार दोपहर मिट्टी से भरे एक डंफर ने बाइक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में बाइक सवार महिला आमना ( 50 ) और उनके पुत्र सुब्हान ( 25 ) की मौत हो गई। जबकि, मृतक सुब्हान की पुत्रवधू हिना ( 23 ) निवासी गेसुपुर चंदियाना गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें हायर मेडिकल सेंटर हापुड़ के लिए रेफर कर दिया गया है। खाई में पलटा डंफर-गांव गेसूपुर चंदियाना निवासी महिला आमना का मायका हापुड़ क्षेत्र के गांव मोड़ी कलां में है। उनके पुत्र सुब्हान की ससुराल भी मोड़ीकलां में ही है। शनिवार को सुब्हान अपनी मां आमना व पत्नी हिना के साथ बाइक पर सवार होकर गांव मोड़ी कलां रिश्तेदारी से गेसूपुर चंदियाना लौट रहे थे। दोपहर करीब एक बजे बाइक सवार तीनों जब गांव उस्तरा काली नदी के पुल के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रहे मिट्टी से भरे एक डंफर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से आमना व सुब्हान की मौके पर ही मौत हो गई और हिना गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद मिट्टी से भरा डंफर सड़क किनारे खाई में पलट गया और चालक मौके से फरार हो गया। हिना तीन माह की गर्भवती - हादसे में बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सुब्हान ने हेलमेट पहन रखा था, इसके बावजूद भी उसकी जान नहीं बच सकी। हादसे की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनीता मलिक मौके पर पहुंची और जांच की। हादसे की सूचना पर मोड़ीकलां से ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। परिजन गंभीर रूप से घायल हिना को हापुड़ ले गए हैं। हिना तीन माह की गर्भवती भी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि सड़क हादसे की तहरीर अभी नहीं मिली है।



# कड़ी सुरक्षा के चलते 224 बच्चों ने परीक्षा छोड़ी

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सी एल ओ, जितेन्द्र कुमार,रीता केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रवेश परीक्षा हुई।कुल पंजीकृत 596 बच्चों में 372 ने परीक्षा दी। जबकि 224 बच्चे अनुपस्थित रहे।इस दौरान उप प्रधानाचार्य डाक्टर हरमीत सिंह, कुसुम गंगवार, रघुवीर सिंह रामसिंह, ,डाक्टर राजेश कुमार गंगवार , डाक्टर सर्वेश कुमार, ब्रजेश शर्मा, वरूण वर्मा सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश उपाध्यक्ष झारखंड पत्रकार राज संघ में नियुक्ति किए गए श्रेय टीवी के पत्रकार ज्ञानदीप

क्यूँ न लिखूँ सच

ज्ञानदीप हजारीबाग जिले के निवासी हैं और श्रेय टीवी के हजारीबाग जिले के क्राइम ब्यूरो चीफ है जो अक्सर समाज कि अच्छाइयों और बुराइयों को चैनल में खबर प्रकाशित करते रहते है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष झारखंड कुमार राजीव के अनुशंसा पर पत्रकार राज संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किए गए हैं और इसी कड़ी में आगे ज्ञानदीप ने पत्रकार राज संघ के संस्थापक नरेश शर्मा का और राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार तिवारी का आभार व्यक्त किया है और जो संगठन के द्वारा दायित्व मिला है वह बड़ी सूझबूझ और ईमानदारी से अपने पद का निर्वाह करेंगे और पत्रकारों के हित के लिए जो भी होगा उनकी आवाज उठाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे की आने वाला समय पत्रकारों के लिए अच्छा समय हो उसके लिए राज्य सरकार से और भारत सरकार से पत्रकारों के हितार्थ में जो यथा संभव हो करने और कराने का पूरा प्रयास करेंगें



# संबंधों में डेढ़ लाख रुपए हड़प ने का आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। फरीदपुर थाना क्षेत्र मोहल्ला पारा निवासी सतीश ने अपने सम्बन्धी संतोष राठौर पर एक लाख 65 हजार रुपए उधार लेने और वापस न लौटाने का आरोप लगाया है। सतीश ने बताया कि यह रकम उसने ब्याज पर उधार ली थी और बैंक अकाउंट के माध्यम से रुपए दिए है। संतोष ने एक महीने में रकम लौटाने का वादा किया था, लेकिन अब न तो वह फोन पर संपर्क कर रहा है और न ही घर पर मिल रहा है। परेशान होकर सतीश ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के कार्यालय में शिकायत कराई और न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाने को जांच करके उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है ।।



# शेर अली जाफरी गिरोह के छह सदस्यों पर लगा गैंगस्टर इंस्पेक्टर गौतम ने गिरोह बंद के तहत दर्ज कराई रिपोर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी गिरोह के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। सीबीगंज थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने गिरोह बंद के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। गिरोह में कुल छह आरोपी शामिल हैं। सभी मौजूदा समय में जिला कारागार में बंद हैं। ऐसे में अब पुलिस इन सभी की संपत्तियां भी सीज कर सकती है। बता दें कि 300 से अधिक छात्रों को फर्जी डिग्री बांटने के आरोपी शेर अली जाफरी की तरक्की की रफ्तार काफी तेज रही। चार राज्यों में उसके 11 कॉलेज संचालित हैं। बरेली मंडल के सभी जिलों में उसके कॉलेज हैं। उसने उत्तराखंड, दिल्ली और राजस्थान में भी संस्थान खोल रखी है। यही स्थानीय शिक्षक कमीशन पर छात्रों का एडमिशन कराते थे। दूसरों को डिग्रियां बांटने वाला डॉ. विजय शर्मा खुद मुन्नाभाई है। वह आस्था कंसल्टेंसी के अलावा एचएल कंसल्टेंसी भी चलाता था। इसके जरिये वह बीएड, बीएलएड, बीटीसी और बीपीएड की मान्यता दिलवाने का झांसा देता था। जाफरी के संपर्क में आने के बाद दोनों ने कम समय में करोड़ों रुपये कमाने के लिए सैकड़ों छात्रों को फर्जी मार्कशीट थमा दी। मामला पकड़ में आने के बाद दोनों एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ने लगे। छात्रों को रुपये लौटाने का वादा किया था, लेकिन करोड़ों रुपये उड़ाए और निवेश किए जा चुके थे। पुलिस ने शेरअली जाफरी, जाकिर अली, फिरोज अली जाफरी, तारीक अल्वी विजय शर्मा और विश्वनाथ शर्मा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही सभी की संपत्तियां सीज की जाएंगी।



# शुमायला खान के बाद अब सहायक अध्यापक कमल सिंह भी हुए नौकरी से बर्खास्त

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। टीईटी की फर्जी मार्कशीट लगाकर नौकरी कर रहे शिक्षक को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बर्खास्त कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामला शेरगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सीहोर का है। जहां खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर के आधार पर फर्जी टीईटी की मार्कशीट के आधार पर नौकरी पाने वाले शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस मामले की थाना शेरगढ़ पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती ने बताया है कि शेरगढ़ के गांव सीहोर के प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक कमल सिंह की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2011 की मार्कशीट कूटरचित पाई गई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी और सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा की गई जांच में इसकी पुष्टि हुई है। प्राथमिक विद्यालय सीहोर में 14 अगस्त 2014 को बतौर सहायक अध्यापक कमल सिंह को नियुक्त किया गया था। तभी से वह वहां कार्यरत था। शासन एवं जिला स्तर से जांच के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह इस ने मामले का संज्ञान लिया। इधर, थानाध्यक्ष शाही अमित कुमार बालियान ने बताया है कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# भव्य रूप से होगा उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन, प्रशासन ने तैयार की रूपरेखा

क्यूँ न लिखूँ सच

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव में कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आगामी 24 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश दिवस के आयोजन की तैयारी के संबंध में आहुत



बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को भव्य रूप से उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कराने के लिए कहा। उन्होंने 25 जनवरी को मतदाता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के आयोजन के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग विभाग की योजना से प्राप्त ई-रिक्शा की रैली को 24 जनवरी उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को शासन स्तर से निर्धारित दायित्वों का सफलतापूर्वक निष्पादात किया।जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश 2025 के आयोजन की थीम विकास विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इसी थीम पर निर्धारित कार्यक्रमों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं, रोड शो व संगोष्ठी आदि का आयोजन कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना 24 जनवरी 1950 को हुई थी। इस दिन प्रदेश का नाम संयुक्त प्रांत से बदलकर उत्तर प्रदेश रखा गया था। वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के स्थापना को भव्यपूर्ण ढंग से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने 24 जनवरी से 26 जनवरी तक त्रिदिवसीय आयोजन सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जन सहभागिता के सहयोग से मनाए जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि डायट ऑडिटोरियम में 25 जनवरी को मतदाता दिवस का आयोजन गौरवपूर्ण ढंग से किया जाए। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाए। वही उन्होंने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन के संदर्भ में भी दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 वैभव शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अन्तर्गत टीबी उन्मूलन पर विशाल कार्यशाला का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदो में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान चलाया जा रहा है जिसके लिये जनपद शामली में भी दिनांक 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत उच्च जोखिम जनसंख्या वाले क्षेत्र को लक्ष्य रख कर घर-घर सम्भावित टीबी रोगियो की स्क्रीनिंग एवं जाँच की जा रही है और साथ- साथ ही एक




जनभागादारी अभियान चलाया जा रहा है जिसमे जन जागरूकता हेतु बडे स्तर पर जागरूकता कार्यकम भी किये जा रहे है। जिसमे जनप्रतिनिधि, धर्मगुरूओ एवं युवाओ की सहभागिता से टीबी से बचाव एवं जागरूकता लाने के लिये संदेश दिया जा रहा है जिस सन्दर्भ में आज महाराजा अग्रसेन बारात घर हनुमान धाम शामली टीबी उन्मूलन हेतु एक विशाल कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे श्री प्रसन्न चौधरी माननीय विधायक शामली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं टीबी उन्मूलन हेतु समस्त अधिकारी/पर कर्मचारीगण एवं अतिथिगण द्वारा शपथ ली गयी कि माननीय प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य 2025 तक टीबी उन्मूलन करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य को साकार कर सके आज के इस कार्यक्रम में जनपद की कुछ एन.जी.ओ. द्वारा 35 टीबी रोगियो को गोद लिया गया जिसमे अवर इण्डिया फाउंडेशन कम्यूनिटि 25 टीबी रोगियो को गोद लिया गया एवं इनर व्हील क्लब द्वारा 05 टीबी रोगी जिलाधिकारी महोदय द्वारा 02 टीबी रोगी मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा 02 टीबी रोगी, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा 01 टीबी रोगियो को गोद लेकर पोषण वितरण करने का कार्य किया गया एवं पूर्व मे सरकारी अस्पताल से इलाज लेकर स्वस्थ्य हो चुके टीबी चैम्पियन द्वारा अपना अनुभव भी साझा किया गया। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर संबोधित करते हुए जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने स्वास्थ्य विभाग को माइक्रो प्लानिंग के साथ कार्य करने के निर्देश दिए कहा इस कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जाये एवं घर-घर पहुँचकर अच्छे से स्क्रीनिंग करायी जाये व सम्भावित टीबी रोगियो की शीघ्र जाँच की जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद शामली को देश व प्रदेश में टीबी मुक्त पहला जनपद बनाया है जिससे माननीय मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को सफल बनाकर वर्ष 2025 के लक्ष्य को प्राप्त कर सके एवं समस्त ग्राम प्रधानो को गाँव-गाँव गोष्ठी कर प्रचार-प्रसार हेतु सामग्री लगाये जाने के लिये निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में डा0 अनिल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा इस कार्यशाला मे बताया गया कि वर्तमान मे 1926 टीबी रोगी इलाज पा रहे है एवं सभी उपचार ले रहे रोगियो को निक्षय पोषण योजना के माध्यम से 1000 रू0 सीधे रागियो के बैंक खाते मे दिये जा रहे है एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त बनाये जाने हेतु कार्य किया जा रहा है जिसमे वर्ष 2023 मे जनपद शामली की 08 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। इस अवसर पर डा0 विनोद कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025 मे लगभग 19 ग्राम पचायतो को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत किया जायेगा जिसकी प्रक्रिया चल रही है योग्य पायी जाने वाली ग्राम पंचायतो को विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च 2025 को सम्मानित किया जायेगा। आज के इस कार्यक्रम का संचालन श्री आशुतोष श्रीवास्तव डी.पी.एम. द्वारा किया गया। आज के इस कार्यक्रम में समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस एवं श्री राहुल त्यागी डी.पी.सी. श्री शबी आजम पी.पी.एम. श्री विपिन गुप्ता डी.पी.टी.सी. श्री विजय कुमार लेखाकार श्री रवि कुमार डी.ई.ओ. मौजूद रहे आज के इस कार्यक्रम मे सभी विभागीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, सी0एच0ओ0, ए0एन0एम0, आशा, ए0डी0ओ0 पंचायत आदि ने प्रतिभाग किया।


आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 907776991

## संक्षिप्त समाचार

### थाना उझानी पुलिस ने फिरौती मांगने वाले को भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच

एसएसपी डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के



अन्तर्गत, अमित किशोर श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं शक्ति सिंह क्षेत्राधिकारी उझानी के पर्यवेक्षण तथा नीरज कुमार प्रभारी निरीक्षक उझानी के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना उझानी पर पंजीकृत मु0अ0स0- 479/2024 धारा 140( 2 ) ब्न्हस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कमल पुत्र डालचन्द निवासी ग्राम नई मण्डी गढ़ रोड गाँव मुरादनगर जनपद हापुड़ मूलरूप पता गाँव चितौनी थाना हाफिजपुर जिला हापुड़ को आज नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर मा0 न्या0 के समक्ष भेजा गया कमल पुत्र डालचन्द निवासी ग्राम नई मण्डी गढ़ रोड गाँव मुरादनगर जनपद हापुड़ मूलरूप पता गाँव चितौनी थाना हाफिजपुर जिला हापुड़ अपने साथियों के साथ मिलकर अपने आप को एसओजी का दरोगा बताकर वादी के पिता श्री ओमप्रकाश पुत्र अम्बसहाय व राजू सिंह पुत्र श्री नवाव सिंह निवासी रोशन नगर उझानी बदायूं को किडनैप कर पाँच लाख रुपये की फिरौती मांगी गयी थी, सूचना मिलने पर थाना उझानी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त मोनू त्यागी पुत्र विजेंदर त्यागी हाल निवासी लज्जापुरी रामलीला मैदान के पास थाना कोतवाली शहर जनपद हापुड़ मूल पता ग्राम खरखड़ी थाना कोतवाली देहात जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया था तथा घटना में प्रयुक्त आई- 10 कार बरामद की थी तथा अन्य शेष अभियुक्तगण फरार हो गए थे । विवेचना के क्रम में को अभियुक्त कमल उपरोक्त वादी से फैसला करने हेतु आ रहा था, जिसे थाना उझानी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है।

### रविवार को खुलेंगे सभी बैंक

क्यूँ न लिखूँ सच

जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी



वाजपेयी सभागार में शासकीय योजनाओं में बैंक अधिकारियों के सहयोग के संबंध में आहूत बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बैंक अधिकारी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी। उन्होंने 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को सभी बैंकों को खोलकर वहां लाभार्थियों के आवेदनों को निस्तारित करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग की योजनाओं अंतर्गत ई-रिक्शा तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों का 19 जनवरी को लाभार्थियों के समक्ष निस्तारण करने हेतु इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी व बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

### दो वर्ष से मुकदमे मे बाँछित चल रहे आरोपी को गिरफ़्तार किया

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज

कोंच( जालौन ) आज शुक्रवार को खेड़ा चौकी के प्रभारी



उपनिरीक्षक संतराम कुशवाहा ने अपने हमराही कांस्टेबल दीपक के साथ थाना कोंच पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 23/2023 में वांछित चल रहे दो वर्ष सेअभियुक्त नरेंद्र जाटव उर्फ छोटा कूलर उर्फ विशाल पुत्र वीरेंद्र जाटव निवासी मोहल्ला तिलक नगर थाना कोंच जनपद जालौन को चोरी के रुपयो के साथ गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है

### नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ब्योना राजा पहुंचे

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कोंच( जालौन ) आज नगर पालिका परिषद कोंच के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता तहसील के ग्राम ब्योना राजा पहुंचे और स्वर्गीय ब्रज बिहारी गुप्ता जी की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास और पूज्य महाराज श्री हरिओम थापक जी के श्रीमुख से हो रही अमृतमय कथा श्रवण कर उनका फूल माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा व्यास को साल उडाकर सम्मानित किया इस अवसर पर रविन्द्र गुप्ता जी अंकित यादव राम जी गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे

# ग्रामवासियों की आर्थिक संपन्नता व समृद्धि में सहायक सिद्ध होंगी घरौनियां

क्यूँ न लिखूँ सच

आज प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ0 अरुण कुमार ने डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित घरौनी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। शनिवार को जनपद की



तहसील, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 59884 घरौनियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नई दिल्ली में मा0 प्रधानमंत्री व लखनऊ में आयोजित मा0 मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। राज्यमंत्री ने घरौनियों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि ग्राम वासियों के लिए आर्थिक संपन्नता व समृद्धि में घरौनी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि घरौनियों के बन जाने से ग्रामों में आपसी सौहार्द बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 40 लाख करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव के एमओयू हस्ताक्षर किए। उन्होंने भौतिक रूप से घरौनियों का वितरण भी किया। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कहा कि शनिवार को तहसील, ब्लाक व ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। जनपद में कुल 59884 घरौनियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि घरौनियों के बन जाने से ग्राम पंचायत विकास योजना सुदृढ़ होगी, जिसका सीधा लाभ ग्राम वासियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि संपत्ति आदि विवादों के निस्तारण में भी घरौनियां सहायक सिद्ध होगी। इससे पूर्व कार्यक्रम के दौरान मा0 प्रधानमंत्री जी ने डिजीटल रूप से घरौनियों का वितरण किया तथा अपने उद्बोधन के दौरान देश के विभिन्न प्रदेशों के घरौनी धारकों से वार्ता की। वही लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी ने भौतिक रूप से घरौनियां वितरित की। डायट ऑडिटोरियम में विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वन राज्य मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों व ग्राम वासियों को नशा मुक्ति व स्वच्छता की शपथ भी दिलाई तथा नशा मुक्ति व स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी की।डायट परिसर में आगमन पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ0 अरुण कुमार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, उन्होंने परिसर में पौधारोपण किया तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रर्दशनी का अवलोक कर उसे सराहा। कार्यक्रम के दौरान मा0 राज्य मंत्री जी को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। वहीं जनपद में आयोजित कार्यक्रम का भी सोशल मीडिया हैंडल्स पर सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी।कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, एसएसपी बृजेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ कर स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को बांटा गया संपत्ति कार्ड

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर - प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ कर स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड का वितरण किया।उन्होंने साथ ही लाभार्थियों से संवाद भी किया।जिला सूरजपुर अंतर्गत स्वामित्व योजना के सम्पत्ति कार्ड का वितरण कार्यक्रम हेतु जिला



स्तरीय कार्यक्रम मंगल भवन भैयाथान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख लाख संपत्ति कार्ड का वितरित किया गया। यह वितरण 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों और 230 से अधिक जिलों में संपत्ति मालिकों को किया गया। जिले के 94 ग्राम के 478 लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड का वितरण किया गया। श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने स्वामित्व योजना का उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा स्वामित्व योजना ग्रामीण भारत के लिये एक परिवर्तनकारी पहल है। ग्रामीण भारत में आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना, इस योजना का मुख्य उद्देश्य है। इसके तहत गांवों में बसे हुए क्षेत्रों में घरों के मालिकों को 'स्वामित्व अधिकार' प्रदान किए जा रहा है। इस योजना के तहत सर्वेक्षण के लिए नवीनतम ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण, बैंकों से कर्ज लेने में सहूलियत, संपत्ति से जुड़े विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति और संपत्ति कर का बेहतर आकलन करने और गांव स्तर की समग्र योजना बनाने में मदद करती है। कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन ने भी उपस्थिति जनों को संबोधित किया। उन्होंने लाभार्थी कार्ड धारकों को बधाई दी और स्वामित्व योजना पर जानकारी दी । उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यमा से ग्रामीण भारत के नागरिकों को ऋण और अन्?य वित्तीय लाभ प्राप्?त करने ,अपनी संपत्ति को एक वित्तीय परिसंपत्ति के रूप में प्रयोग करने के साथ सक्षम बनाते हुए उन्?हें वित्तीय स्थिरता प्रदान करना है। इसके साथ ही योजना का उद्देश्य ग्रामीण नियोजन हेतु सटीक भूमि अभिलेखों और जीआईएस नक?शों का निर्माण करना,संपत्ति कर का निर्धारण करना व संपत्ति संबंधी विवादों को कम करना है। कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास हेतु 11 करोड़ 09 लाख की लागत से विभिन्न कार्यो का भूमि पूजन व लोकार्पण किया गया। जिसके तहत जिला सूरजपुर के रगदा कुसमुसी मार्ग पर गोबरी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लागत राशि - 718.06 लाख का लोकार्पण व श्रीराम वन गमन पथ के मिसिंग लिंक मार्ग रकसगंडा जलप्रपात पहुंच मार्ग लंबाई 2.00 किलोमीटर लागत - 2 करोड़ 54 लाख 40 हजार, जिला सूरजपुर वि. खं. ओड़गी के उ. मा. वि. लांजित का भवन निर्माण ( कार्य वर्ष 2024-25 ) लागत - 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार, बरपारा वि. खं. भैयाथान जिला सूरजपुर के मिनी स्टेडियम का जिर्णोधार कार्य लागत 15 लाख 58 हजार का भूमि पूजन किया गया।

# एसबीआई और सूरजपुर पुलिस ने किया साइबर जागरूकता कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर। साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक और सूरजपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। यहां नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने भी साइबर जागरूकता पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में आए कलाकार रथ के साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते हुए बढ़े मनमोहक रूप से साईबर धोखाधड़ी के प्रति लोगों को जागरूक लोगों को साइबर फ्रॉड के प्रति सजग किया। साइबर क्राइम पर किया जागरूक। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि, साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए सूरजपुर पुलिस लगातार विभिन्न माध्यमों से जिलेवासियों को जागरूक करने में लगी हुई है। इस कैम्पेंन का मुख्य उद्देश्य लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाना है। साइबर ठग तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर लोगों को अपने झांसे में लेकर साइबर फ्रॉड करते हैं। लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर क्राइम कैसे होता है उसके बारे में जानकारी दी गई, साथ ही बचाओ के उपाय भी बताए। उन्होंने कहा कि पुलिस और बैंकों के साथ मिलकर साइबर फ्रॉड रोकने और इन्वेस्टिगेशन करने में आसानी होगी। इसलिए इसके प्रति लोगों को जागरूक करने यह आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, एसबीआई सूरजपुर के शाखा प्रबंधक पियुस विजयवर्गीय व कलेक्ट्रेट ब्रांच के शाखा प्रबंधक चांदनी सिंह, पुलिस व प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# Have you ever made Dahi Ke Sholay at home? Do try it once

Dahi Ke Sholay is prepared with spicy curd stuffing inside crispy bread. Let us know what things are needed to make Dahi Ke Sholay and also note down the easy method of making it. If you are looking for the taste of Delhi's famous and delicious Dahi Ke Sholay in your city



too, then your search can be completed at home. You can easily make Dahi Ke Sholay at home, which will taste the same as the market one. Dahi Ke Sholay is a delicious and unique Indian snack, which you can easily make at home. It is prepared with spicy curd stuffing inside crispy bread. Let us know what things are needed to make Dahi Ke Sholay and also note down the easy method of making it. Ingredients for making Dahi Ke Sholay Bread Slices 8-10 Curd (thick) - 1 cup Finely chopped onion - 2 tbsp Finely chopped capsicum - 2 tbsp Finely chopped carrot - 2 tbsp Finely chopped green chillies - 1-2 (according to taste) Green coriander - 2 tbsp Chat Masala - 1 tsp Black pepper powder - 1/2 tsp Salt - according to taste Corn flour or refined flour - 2 tbsp (to make paste) Oil for frying Method of making Dahi Ke Sholay Step 1- First of all prepare the curd stuffing. For this, hang the thick curd in a muslin cloth for one or two hours, so that the excess water drains out. Step 2- Later add finely chopped onion, capsicum, carrot, green chillies and coriander to the strained curd. Step 3- Add chaat masala, black pepper powder and salt to it and mix well. Step 4- Now cut and remove the edges of the bread and roll the bread lightly with a rolling pin to make it thin. Step 5- Place 1-2 spoons of curd stuffing in the middle of the bread and apply a thin paste of corn flour or maida on the edge of the bread. Step 6- Then slowly fold the bread and give it the shape of a roll and stick the edges well. Prepare all the bread rolls in the same way. Step 7- Heat oil in a pan and fry the bread rolls till they become golden and crispy. Take out the deep fried shola on tissue paper, so that the excess oil drains out. Dahi ke shola are ready, serve them hot with green chutney, tamarind chutney or tomato ketchup.

# Health talk: Should we completely give up fatty foods? Know its advantages and disadvantages

Dieticians say that there are two types of fats - healthy and unhealthy. Unhealthy fats definitely harm health, although healthy fats are needed in our daily diet. Let us know what things you should consume and what things you should avoid?Whenever it comes to diets that keep the body healthy, it is advisable to increase the intake of fiber-protein and antioxidant foods.



Fitness freaks often reduce fatty foods from their diet by consuming these things. Fatty diets have been considered to increase the risk of weight gain, chronic diseases like heart disease and diabetes. So is fat really so harmful for us? Should their quantity be reduced completely from the diet to stay healthy?Dieticians say that there are two types of fats - healthy and unhealthy. Unhealthy fats are definitely harmful to health, however, things containing healthy fats are needed in our daily diet. Let us know what can be the disadvantages and benefits of healthy and unhealthy fats and for this, know about healthy and unhealthy fats. Health experts say, healthy fats are unsaturated fats while unhealthy fats are saturated fats. Things containing healthy fats help in lowering cholesterol, managing blood pressure and reducing blood sugar. On the other hand, unhealthy fats have been found to increase cholesterol. They are also high in calories, due to which the risk of weight gain and developing chronic diseases can also be high. Health experts say, all people should definitely include things containing healthy fats in the diet. Include things containing healthy fats in the diet Monounsaturated and -lyunsaturated fats, including omega-3 and omega-6 fatty acids, are considered healthy fats. Fatty fish, olive oil and chia seeds etc. are some of the best sources of healthy fats. Including healthy fats in the diet makes the stomach feel full, it does not cause the desire to eat more and can help you in weight loss. Things containing healthy fats also help in hormone function, improving memory and absorption of certain types of nutrients. Why are healthy fats important? Health experts say, fat is an essential macronutrient that the body needs regularly. To reduce the risk of problems like heart disease, cholesterol, blood pressure, everyone should include things containing healthy fats in the diet. Eating avocado, olive oil, nuts, seeds and fatty fish can be beneficial for you. A 2020 study shows that people who consume olive oil have a lower risk of heart disease and serious complications caused by it. Stay away from unhealthy fats - Things containing unhealthy fats are considered to increase bad cholesterol. These are of two types - saturated and trans fat. Butter, oil and red meat in the diet can be very harmful for you. To keep the body healthy, health experts recommend keeping distance from these things.

# Parents should do these things for better preparation of the child for the board exam

Parents should also adopt some methods to prepare the children who are giving board exams this year mentally and physically, so that the child can get better results in the board exam. Board exams are an important stage for a child studying in 10th or 12th class, which helps in deciding their future. Getting good marks helps in admission in a better college, scholarship and deciding the field for career. In such a situation, most of the schools and coaching classes in India prepare children for the board exam. Parents are most worried about their child's board exam. In such a situation, they start putting extra pressure of studies on the child. But this also affects the mental health of the children and extra pressure can bother them. Board exams are an important stage in life for children and the role of parents is very important in this. In such a situation, parents should adopt some methods to prepare the children who are going to appear for board exams this year mentally and physically, so that the child can get better results in the board exams. Encourage: Children come under pressure when parents express their concern excessively, that too in a negative way. Instead of pressurizing them, parents should motivate the child for the exam. Also, appreciate the child's small efforts and achievements. Instead of making the exam a matter of life and death, consider it an opportunity to learn. Help in planning the studies: Prepare an effective time table together with the child. The timetable should be such that a balance can be maintained between studies and rest. Give more time to difficult subjects and identify previous year's question papers and important topics. Take care of mental health: Make sure that the child is not mentally upset. Try to encourage him. Say things that encourage him and not disappoint him. Say things like "you can do this" and "I am with you" etc. Do not compare the child with other children. Do not worry too much about the result- Make the child understand that the result of hard work is always positive. Even after the exam, assure him that your love and support is with him. Do not make good marks in the exam the only way for the future. Take care of regular breaks and sleep- Studying all day will not make the child brilliant. It is important that after every one or two hours of study, he gets a break of 10-15 minutes. In this break, he should refresh his mind. Do physical activity so that his mind can rest and health can remain good. Along with this, better sleep is also important. Encourage the child to sleep for at least 7-8 hours. Take care of food- Give nutritious food to the child, which includes fruits, vegetables, nuts, and protein. Avoid giving junk food. It is not only harmful for health, it also disturbs concentration. Reduce the factors that distract from the exam, such as controlling the child's mobile and social media use. The atmosphere at home should be such that the child can concentrate on his studies and study diligently in a peaceful environment. Focus on revision and mock tests- As the exam approaches, motivate the child to revise the entire syllabus. Give mock tests with a time limit so that the child can get the experience of the exam. Motivate to be self-reliant- Make the child a habit of solving problems on his own. When the child is stuck on a question, guide him, but do not make him completely dependent on you.

# 'Hari Hara Veera Mallu' first song released, Pawan Kalyan's voice casts a spell on the audience

South film 'Hari Hara Veera Mallu' is being made with a big budget starring superstar Pawan Kalyan in the lead role. Currently, the film is being shot at a fast pace. The film has already



completed most of its shooting. Finally, the makers have fulfilled their promise and now they have released the first song of the film.First song released-The first song of Hari Hara Veera Mallu has finally been released and is making waves on social media. This lyrical video titled 'Mata Vinali' features Powerstar Pawan Kalyan at his best speaking impressive dialogues in Telangana dialect. The hook line, 'Vinali, Veeramallu Mata Chebthe Vinali' reflects the heart-touching theme of the song.Producers' post-The makers shared the news on social media and wrote, 'All set to be powerful with the thunderous vocals of Powerstar Pawan Kalyan garu.' Pawan Kalyan is not only acting in the film, but he has also lent his voice to the Telugu version of the song, which is written by Penchal Das. The Tamil version has lyrics by Pa Vijay. The music of both versions is composed by the famous MM Keeravani. To announce the story and cast of the film-A new poster of Pawan Kalyan was released at the time of the song launch, in which the actor looks charming holding a daffli in his hand. Talking about the story of 'Hari Hara Veera Mallu', the film will be based on the backdrop of a warrior's struggle for freedom against the imperialists, Pawan will entertain fans with a story based on the backdrop of the 17th century. While Nidhi Agarwal is acting opposite Pawan, Bobby Deol is playing the villain. The film will release on this day-Directed by Jyotikrishna, the film is produced by A. Dayakar Rao under the banner of Mega Surya Productions and presented by A. M. Ratnam, but earlier the film was directed to some extent by Krish Jaggarlamudi. MM Keeravani is giving music for this film. The much-awaited film is set to release on March 28 next year in Telugu, Tamil, Hindi, Malayalam and Kannada. The first song from Hari Hara Veera Mallu is finally out and is creating waves on social media. The 'Mata Vinali' video features Powerstar Pawan Kalyan at his best, delivering impressive dialogues in the Telangana dialect.

# Audience became fan of Kangana's acting, felt the pain of emergency era

Kangana Ranaut's film 'Emergency' has been released. What was the response and reaction of the audience about the film after the first show on the first day? Did they like Kangana's film? Or did the film not live up to the expectations of the audience, know? Kangana Ranaut also directed the film 'Emergency' and has also played the role of former Prime Minister Indira Gandhi in it. The story of the film is based on the incident of emergency imposed during the tenure of Indira Gandhi. This film had to face difficulties repeatedly in its release



but now it is in front of the audience. Know what was the reaction of the audience after watching this film on the first day. After watching the film 'Emergency', a viewer was seen praising Kangana Ranaut's acting and direction. He said that he was very young when the emergency was imposed. He likes Kangana's acting in every film, in this film he gives full marks to her acting. This viewer has given five stars to the film 'Emergency'. Another viewer says that Kangana has shown the era of emergency exactly as it happened at that time. This viewer liked the second half of the film more. They also liked Kangana Ranaut's acting. Another viewer says that such films should be made in Bollywood. This film is not a taunt on anyone, it is just telling the truth of a period. This viewer also calls Kangana's acting tremendous. He says that Kangana Ranaut has completely adapted to the character of Indira Gandhi, she is a brilliant actress. The youth also liked this film. Some young audiences said that this film is not a propaganda movie. People should definitely watch this film once. The young audience says that apart from Kangana, every actor has done a great job in the film. Another viewer says that Kangana Ranaut created a stir in Bollywood with the film 'Emergency'. This is a great film. This film should be tax free. Also, this viewer says that Kangana should get every award for this film. Another viewer says that Kangana has been successful in bringing forward that dark period in the film 'Emergency'. What did people go through at that time? How was the media banned? Apart from these things, light was thrown on many things. The audience also praised the acting of Shreyas Talpade, Anupam Kher and Milind Soman in the film. The audience is finding the entire film entertaining.

# 'I am Mafia…', Shahid Kapoor seen cleaning the city as a policeman; Deva trailer released

The trailer of Shahid Kapoor's film 'Deva' has been released. Shahid is seen doing explosive action in the trailer. The actor has played the role of a policeman in this film.The trailer of Shahid Kapoor's film 'Deva' has been released. Shahid The actor has played the role of a policeman in also released, after which the fans were eagerly 'Deva'- Shahid Kapoor was seen with explosive trailer. The actor dominated the entire trailer. The trailer shows a tremendous fight between increase the curiosity of the fans. The actor is policeman. At the same time, he has been seen actor can be heard saying the dialogue 'I am a the song 'Bhasar Macha'-The trailer was 'Bhasar Macha' from the film at the trailer Hegde attended the event. The makers shared story of their official Instagram account. 'Deva' awaited film will be released in theaters on 31 wanting to see him in an action avatar for a long Recently the teaser of the film was also released. the teaser of the film. Shahid Kapoor was seen






is seen doing explosive action in the trailer. this film. Recently the teaser of the film was waiting for its trailer. Shahid dominated as action and his intense look in the entire He is seen eliminating goons from the city. the goons and Deva, which is going to looking very good in the role of a in an action film after a long time. The mafia…'. Trailer released with dance on released with a performance on the song launch event. Shahid Kapoor and Pooja the video of the trailer launch event on the release date- Shahid Kapoor's much-January 2025. Shahid's fans have been time. Teaser went viral on social media-On January 5, 2025, the makers released in the lead role in this short clip. Shahid's dance and his intense look were well liked by the netizens. The song 'Bhasad Macha' from the film was also well-liked. 'Deva' Star Cast - Talking about the star cast of 'Deva', apart from Shahid, Pooja Hegde is in the lead role of Devi and along with her, Pavel Gulati, Pravesh Rana and Kubra Sait are also included.